# 'हक के लिए सांसदों की कार तो क्या उनकी छाती पर चढ़ना पड़े तो रूकेंगे नहीं'

## इआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के 3 करोड़ लोगों के जीवन का मामला

**करौली, (निंसं.)।** कटकड टोडूपुरा गांव के मोड़ पर रास्ता रोक सांसद डॉ. मनोज राजोरिया और उनके सुरक्षा गार्ड से बदसलूकी करने के मामले में भारतीय किसान यूनियन का युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम मीणा और राजेंद्र मीणा एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। जिनके बुधवार को जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने करौली के अजय होटल में प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम मीणा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की मांग को लेकर पिछले लंबे समय से जन आंदोलन चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के 3 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है। जल है तो जीवन है इसके लिए अब जन आंदोलन और तेज करेंगे। बड़ी आम सभाएं कर लोगों को जागृत करेंगे।

उन्होंने कहा कि चाहे केंद्र की भाजपा सरकार हो या भले ही राज्य की कांग्रेस सरकार हो दोनों ही सरकारों पर पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की जनता के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो यह हमारी गिरफ्तारी हुई है वह बहुत छोटी गिरफ्तारी है। अब 13 जिले के चाहे सांसद हो या विधायक उनकी गाड़ी पर चढ़ ना पड़े या उनकी छाती पर चढ़ ना पड़े तो भी हमारा जन आंदोलन जारी रहेगा।



भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष व एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष ने अजय होटल में प्रेसवार्ता की।

## वैर सीएचसी के निरीक्षण में 6 में से 5 चिकित्सक नदारद मिले

**वैर, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वैर का उप मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी भरतपुर डॉ. असित श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 6 में से मात्र एक चिकित्सक ही ड्यूटी पर उपस्थित मिला। जिसके कारण उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी से काफी नाराजगी जाहिर की व सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. हजारी लाल ने बताया कि आरएमआरएस की बैठक में सीएचसी में भीषण गर्मी को लेकर मरीजों के हित व सुविधा के लिए निर्णय लिए गए। एंबुलेंस पर प्रति चक्कर बचत के आधार पर वाहन चालक रखने, डिजिटल एक्सरे मशीन के लिए एसी लगवाने व मैदान को समतल करवाने, महिला स्वास्थ्य देखभाल हेतु एक आशा सहयोगिनी को वजन मशीन उपलब्ध करवाने व संस्था के आय बढ़ाने हेतु पार्किंग व कैंटीन का ठेका करने के निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

# अजमेर रेल मंडल की 11 ट्रेनों में बढ़ाए डिब्बे, यात्रियों को राहत

## यात्रियों की लम्बी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए लिया निर्णय

**अजमेर, (कासं)।** रेल वे ने रेल यात्रा के इच्छुक यात्रियों की ल म्बी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए 11 रेल सेवाओं में स्थाई तौर पर डिब्बों की बढ़ोतरी कर दी है। यह वृद्धि 1 जून से विभिन्न ट्रेनों में शुरू हो जाएगी। अजमेर उत्तर पश्चिम रेल वे के जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार अजमेर मंडल से सम्बंधित जिन रेल सेवाओं में डिब्बों की स्थाई बढ़ोतरी की गई है उनमें गाडी संख्या 19601/19602, उदयपुर सिटी-न्यूजल पाईगुडी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस में उदयपुर सिटी से 04 जून 22 से एवं न्यूजल पाईगुडी से 06 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है।

गाडी संख्या 20971/20972, उदयपुर सिटी -शाल ीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस में उदयपुर सिटी से 04 जून 22 से एवं शाल ीमार से 05 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 12996/12995, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर एक्सप्रेस में अजमेर से 02 जून 22 से एवं बान्द्रा टर्मिनस से 03 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 19615/19616, उदयुपर सिटी-कामाख्या-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस में उदयपुर सिटी से 06 जून 22 से एवं कामाख्या से 09 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 12991/12992, उदयुपर सिटी-जयपुर-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस में 01 जून 22 से 02 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बों की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 19608/19607, मदार-कोल काता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 06 जून 22 से एवं कोल काता से 09 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 14801/14802, जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस में जोधपुर से 01 जून 22 से एवं इंदौर से 04 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है।

गाडी संख्या 22473/22474, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर एक्सप्रेस में बीकानेर से 06 जून 22 से एवं बान्द्रा टर्मिनस से 07 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 22475/22476, हिसार-कोयम्बटूर-हिसार एक्सप्रेस में हिसार से 01 जून 22 से एवं कोयम्बटूर से 04 जून 22 से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 12065/12066, अजमेर-दिल ्ली सराय-अजमेर एक्सप्रेस में 01 जून 22 से 02 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बों की स्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाडी संख्या 22987/22988, अजमेर-आगराफोर्ट-अजमेर एक्सप्रेस में 01 जून 22 से 02 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बों की स्थाई बढ़ोतरी की गई है।

# मकान से 245 किलो डोडा चूरा बरामद, पिता पुत्र फरार

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले की बनेडा थाना पुलिस में क्षेत्र के घरटा गांव में बीती रात दबिश देकर एक नोहरे में बने कमरे से 245 किलो 730 ग्राम डोडा-चूरा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि टीम को देखकर पिता-पुत्र मौके से भाग छूटे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा चंचल मिश्रा ने बताया कि बीती रात बनेडा थाना प्रभारी नंदलाल रिणवा को मुखबिर से सूचना मिली कि घरटा गांव में गोपाल सिंह पुत्र शैतानसिंह राजपूत के घर पर अविलंब दबिश दी जाये तो वहां अवैध मादक पदार्थ मिल सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से थाना प्रभारी रिणवा मय जाब्ता घरटा गांव पहुंचे और मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर गृहस्वामी गोपाल सिंह राजपूत व उसका बेटा देवराज सिंह राजपूत मौके से फरार हो गये। पुलिस ने नोहरे में ईंटों की दीवार व टीनशेड से बने कमरे की तलाशी ली तो 15 कट्टों में डोडा-चूरा मिला। इसका पुलिस ने वजन किया तो डोडा-चूरा 245 किलो 730 ग्राम पाया गया। पुलिस ने डोडा-चूरा सहित एक इलेक्ट्रोनिक कांटा भी जब्त किया है।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस को दबिश में जिस कमरे में डोडा-चूरा मिला, उसमें एक इलेक्ट्रोनिक्स कांटा व एक-एक किलो पॉलिथिन थैलियों के 3 पैकेट भी मिले। जिन्हें जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित इसी कमरे में डोडा-चूरा की रिटेल अवैध दुकान चलाकर यहीं से एक-एक, दो-दो किलो ग्राम अवैध डोडा-चूरा बेच रहे थे।

## ट्रेलर की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत


**भीम, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालाचाराट समीप टेलर की टक्कर से टेंपो सवार टोगी निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर टोगी सरपंच शांतादेवी नारायणसिंह पटेल विक्रमसिंह भंवरलाल नारायण लाल जगदीशलाल श्रवणलाल आदि मौके पर पहुंचे। समाजसेवी नारायणसिंह पटेल ने बताया कि टोगी निवासी भेरूलाल पुत्र कालूराम जाति भाट उम्र 40 वर्ष और देवीलाल पुत्र कालूराम जाति भाट उम्र 30 वर्ष टेंपो में सवार होकर भीम से अपने घर टोगी जा रहे थे कि बालाचाराट समीप सामने से आ रहे टेलर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों सगे भाइयों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने मृतकों के शवों को भीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया एवं टॉडगढ़ पुलिस को सूचना दी।

# प्रयागराज-बीकानेर ट्रेन का सांसद नरेंद्र कुमार ने स्वागत किया

**चिड़ावा, (निसं)।** सीकर-लोहारू रूट से पहली बार सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। ट्रेन पहली बार दो बजकर आठ मिनट पर चिड़ावा स्टेशन पर पहुंची। यहां पर ट्रेन के ड्राइवर, गार्ड व स्टाफ का माला पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सांसद नरेंद्र कुमार खीचड ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद खुद भी ट्रेन से नवलगढ़ तक साथ गए।

सांसद ने कहा कि ट्रेन संचालन के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। जो कि झुंझुनूंवासियों को सौगात मिली है। खीचड़ ने कहा कि ट्रेन शुरू होने से बीकानेर और प्रयागराज तक का सफर आसान हो गया है और लंबी दूरी की अन्य गाड़ियों का आवागमन भी जल्द शुरू होगा। चिड़ावा स्टेशन मास्टर आजाद सिंह ने बताया कि इस ट्रेन से साढ़े छह घण्टे में चिड़ावा से बीकानेर पहुंचा जा सकेगा। वहीं प्रयागराज तक का सफर 18 घंटे में पूरा हो सकेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावण्डिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ, भाजपा नेता राजेश दहिया, नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, रविकांत शर्मा, सुरेश जलिंद्रा, मुकेश जलिंद्रा, मदन डारा, अभिषेक पारीक, किशोरीलाल, नाहरसिंह थालौर, डॉ.बीएल वर्मा, शंभू पंवार सहित अन्य जिला व नगर पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस रेल का सबसे पहले चिड़ावा में इस रेल का पहला स्टोपेज रहा। रेल का स्वागत करने चिड़ावा कस्बे के लोग भी पहुंचे। शेखावाटी रेल संघर्ष समिति के वरिष्ठ सहयोगी सदस्य और समाजसेवी झंडी प्रसाद संदीप हिम्मतरामका के नेतृत्व में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इसके अलावा रेल के साथ आए एडीआरएम आदित्य मंगल, सीनियर डीसीएम मुकेश सैनी, स्टेशन सुप्रीडेंटेंन आजादसिंह, टीआई हनुमानप्रसाद, सीएमआई रामबीर यादव, आरपीएफ इंस्पेक्टर किशनसिंह, तथा स्टेशन मास्टर संजीव कुमार आदि का साफा ओढाकर सम्मान किया गया।



सुपरफास्ट ट्रेन के चिढ़ावा पहुंचने पर सांसद ने ड्राईवर, गार्ड व स्टाफ का माला पहनाकर स्वागत किया।

# खस्ताहाल हाइवे पर क्यों वसूला जा रहा है पूरा टोल?

**भीण्डर, (निसं)।** कीर की चौकी-सलूम्बर स्टेट हाइवे का उपयोग करने पर टोल वसूलने में कोई कमी नहीं की जा रही हैं, लेकिन इस हाइवे की दूर्दशा पर विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्टेट हाइवे पर बडे-बडे खड्डे होने के बावजूद उनको दूरस्त करने का काम नहीं किया जा रहा है। वहीं कुछ स्थानों पर खड्डों में केवल ग्रेवल डाल देने से पूरी सडक पर क्रंकीट बिखर रही है।

- अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- टोल वसूलने के बाद भी मेन्टिनेंस पर खर्च क्यों नहीं हो रहा ?

जिससे वाहना संचालकों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा हैं तो वहीं दो पहिया वाहन चालकों को पत्थर उछल करके दूर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

कीर की चौकी से सलूम्बर स्टेट हाइवे पर भीण्डर से चारगदिया की तरफ बडे-बडे खड्डे हो रहे हैं। इसको लेकर कुछ दिनों पहले इन खड्डों में क्रंकीट व ग्रेवल भी डाला गया, लेकिन उसके बाद इस पर डामर नहीं डाला और खड्डों की मरम्मत भी नहीं की गई। जिससे खड्डों में डाल रखी क्रंकीट रोड पर बिखर रही हैं और बडे वाहनों से उछल करके दो पहिया वाहन सवारों को लगने का खतरा मंडरा रहा है। इसको लेकर विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करवाने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लोगों की मांग हैं कि स्टेट हाइवे पर हो रहे खड्डों को तुरन्त ठीक किया जावे।



भीण्डर से गुजर रहे स्टेट हाइवे पर जगह-जगह क्रंकीट बिखरी हुई है व बड़े-बड़े खड्डे बने हुए है।

## चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** इस्टीट्यूट से सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को सुखेर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित अरिहन्त नगर रायल इस्टीट्यूट के पास कालकामाता रोड़ सुखेर निवासी रविन्द्रपालसिंह पुत्र महेन्द्रसिंह ने 14 मई को पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मरी पत्नी सरोज कंवर के नाम से एक फर्म है। जिसका शौरूम व गोदाम गांधीनगर न्यूआरपटीओं के पास स्थित है। सवर मैं शौरूम पर गया तो देखा कि शटर व वेंटीलेशन की झाली टूटी हुई थी।

तलाशी की तो दुकान से नल फिटिंग का महंगा सामान गायब था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अजिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र ऑचलिया के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी दलपतसिंह राठोड़ के नेतृत्व में गठित दल ने रामनगर सुखेर निवासी संजय उर्फ संजु पुत्र डालु, भमरासिया घाटी निवासी गोविन्द उर्फ गोना पुत्र सुखलाल, ढ ींगरी सराडा निवासी अजय पुत्र नोजी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात करना कबूल किया।

# पाकिस्तान से भारत आने को मजबूर परिवारों को वीजा दिया जाए: आजादसिंह राठौड़

**बाड़मेर, (निसं)।** भारत आकर नए रिश्ते जोड़कर वापस पाकिस्तान गये लोगों ने कभी सोचा भी न था कि फिर से भारत जाने के रास्ते हमारे लिए हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की एजेन्सीयों के आपसी तालमेल की कमी की पीडा झेल रहे भारत आने वाले लोगों की आवाज को युवा नेता आजाद सिंह राठौड़ मजबूती के साथ उठा रहे है। राठौड़ ने भारत सरकार तक इनकी आवाज को पहुंचाने के लिए पोस्ट कार्ड भेजने का अभियान शुरु किया है।

- राठौड़ ने भारत सरकार तक आवाज को पहुंचाने के लिए पोस्ट कार्ड भेजने का अभियान शुरु किया
- कभी सोचा नहीं था कि भारत आने के रास्ते बंद हो जाएंगे

इस मुहिम के तहत बुधवार को पहले दिन सौ.से अधिक पोस्ट कार्ड विदेश मंत्री के नाम विदेश मंत्रालय को भेजे गये है। आजाद सिंह राठौड ने बताया कि बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र में रहने वाले इन परिवारों के रिश्तेदारों व आम नागरिक भी अब इस मुहिम से जुड़ते नजर आ रहे है। हमारी मांग है कि भारत-पाकिस्तान के बीच चलने वाली थार एक्सप्रेस को पुन: शुरु किया जाए, पाकिस्तान से भारत आना चाह रहे परिवारों को वीजा आसानी से दी जाए एवं पाक विस्थापितो को जल्द नागरिकता दी जाये। राठौड ने बताया की पाक विस्थापितों एवं पाकिस्तान से भारत आना चाह रहे लोगों की राह को आसान करने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जब तक की भारत सरकार इस पर संज्ञान लेकर सकारात्मक कार्यवाही ना करें।

## मूक बधिरों से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)** कॉलेज में प्रवेश एवं नौकरी दिलाने के एवज में मूक बधिरों से नकदी हड़पने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़ित रास्तापाल रास्ता डूंगरपुर निवासी चारू पुत्री देवराम डामोर रजा कॉलोनी मल्लातलाई निवासी रूकसाना बानां पुत्री वाहिद खां, बागड़ गली हाथीपोल निवासी कपिल पुत्र भेरूलाल जीनगर, हजुदड़ा सीगर भीलवाड़ा निवासी पुत्र रामवस दमामी, गांधी गली सूरजपोल निवासी गौरव पुत्र विकास चौधरी, देवाली निवासी इलियास पुत्र शब्बीर हुसैन, मगपुरा करूज रामजसन्द निवासी जब्बार मो. पुत्र साबिर मो. ने आरोपी गोविन्द नगर से. 3 निवासी कुणाल जैन पुत्र जमुकुमार जैन, दिपीका पत्नी कुणाल,भैरवनगर बेडवास निवासी शशिभूषण शर्मा पुत्र हंसराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि हम सभी मुक बधिर है। आरोपी शशिभूषण मेवाड़ा डिफ सोसायटी से जुड़ा हुआ हैं। आरोपियों से संपर्क होने पर कॉलेज में प्रेवश एवं नौकरी दिलाने की बात हुई थी। इस दौरान आरोपियों द्वारा सहमती देने पर चार लाख रूपये आरोपियों को भुगतान किया।

# महिला नर्सिंगकर्मी ने रेजिडेंट डॉक्टर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में कार्यरत महिला नर्सिंगकर्मी के साथ नशे में धुत एक रेजीडेंट चिकित्सक पर ऑपरेशन थिएटर में छेड़छाड़ व अभद्रता करने का मामला सामने आया है। महिला नर्सिंग कर्मी ने कोतवाली थाने में रेजीडेंट चिकित्सक के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

- नर्सिंगकर्मी और रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन आमने-सामने हुए

मामले ने बुधवार सुबह तूल पकड़ लिया और अस्पताल के सभी नर्सिंगकर्मी और रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन आमने-सामने हो गए। दोनों ने एक दूसरे पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और मांगे नहीं मानने पर नर्सिंग कर्मियों व रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हड़ताल की चेतावनी दी।

महिला नर्सिंगकर्मी ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के नए ऑपरेशन थिएटर में मंगलवार देर रात वह कार्य कर रही थी, तभी ड्यूटी पर तैनात रेजीडेंट चिकित्सक ईशान ने शराब के नशे में अभद्रता की और उसके थप्पड़ जड़ दिया साथ ही नर्सिंग कर्मियों के खिलाफ अपशब्द भी कहे। महिला नर्सिंगकर्मी के समर्थन में आये राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार सुबह अस्पताल के समस्त नर्सिंग स्टाफ ने कार्य का बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया और आपातकालीन ईकाई के बाहर धरना शुरू कर दिया। वही दोपहर को आंदोलन और उग्र हो गया, जब अस्पताल प्रशासन की ओर से नर्सिंग कर्मियों से कोई वार्ता नहीं की गई न ही रेजीडेंट चिकित्सक के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। इसके बाद नर्सिंग कर्मियों ने आपातकालीन विभाग के बाहर अस्पताल अधीक्षक डॉ अनिल जैन और आरोपित चिकित्सक ईशान का पुतला फूंक कर अपना रोष व्यक्त किया। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का कहना है कि महिला नर्सिंगकर्मी रेजीडेंट चिकित्सक पर झूठा आरोप लगा रही है।

## छेड़छाड़ के मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** मां बेटी के साथ मारपीट कर छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ अम्बामाता थाना पुलिस ने व एक अन्य मामले में मकान में घुस महिला से साथ छेडछाड़ का मामला थााने में दर्ज किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़िता ने आरोपी मोहनलाल पुत्र कमलसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 24 मई को आए आरोपी ने मेरी मां व मेरे साथ गाली गलौज की तथा मरे साथ छेड़छाड़ की। इसका विरोध कर चिल्लाने पर पकड़े जाने के भय से आरोपी फरार हो गया।

इस मामले की पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई अमरसिंह कर रहे है। इसी तरह एक अन्य मामले में बकरिया थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपार्ट पर सावड़ वाड़ा कूरण पाली निवासी मीठाराम पुत्र हुंसाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया कि मैं 23 मई रात में अपने मकान की छत पर सोई थी। इस दौरान किराणा दुकान पर काम करने वाला आरापी मीठाराम रात के समय छत पर आया तथा मेरे साथ छेड़छाड़ की। इसका विरोध कर चिल्लाने पर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं जिसकी जांच बैकरिया थानाधिकारी मुकेश कुमार कर रहे है।

# दिल्ली के डॉ. किरण सेठ युवाओं को जागरूक करने साइकिल से हिण्डौन पहुंचे

## 75 साल की उम्र में पद्मश्री डॉ. किरण सेठ का जज्बा बना युवाओं के लिए प्रेरणादायक

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** भौतिक और आध्यात्मिक के संतुलन को बनाकर जीवन जीने का जज्बा लेकर युवाओं को जगरूक करने के लिए साइकिल यात्रा पर निकले 75 वर्षीय पद्म श्री से सम्मानित आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. किरण सेठ बुधवार को हिण्डौन पहुंचे। जहां लॉयंस क्लब के ओपी मंगल के नेतृत्व में लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं, बच्चों और लोगों को जगरूकता का संदेश दिया। इसी संदर्भ में शहर के पीएससी स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पर्यावरण चेतना के साथ बच्चों को तनाव मुक्त जीवन जीने के बारे में बताया।

इस दौरान पद्म श्री विभूषित डॉक्टर किरण सेठ ने बताया कि उनका यह स्वयंसेवी आंदोलन है। जिसके तहत अभी तक 500 शहरों में 5000 कार्यक्रम साइकिल यात्रा से चुके हैं। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के हर नागरिक के साथ बातचीत कर उन्होंने उनके अनुभव को महसूस किया है। इतनी प्रसिद्धि के बाद भी बहुत ही साधारण जीवन जी रहे डॉ. किरण ने बताया कि स्पीक मैके का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को भारतीय सांस्कृतिक परम्परा से उसके मूल रूप में परिचित कराना है, ताकि वे अपनी संस्कृति के गरिमापूर्ण सौन्दर्य एवं समृद्ध कलाओं की वैभवशाली महिमा को सिर्फ जानें ही नहीं, आत्मसात भी करें। इस दौरान लायंस क्लब के ओपी मंगल, एडवोकेट उपेंद्र आर्य, मोहनलाल गुप्ता, विनोद सारस्वत, मुकेश वशिष्ठ, श्याम सुंदर सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

- 500 शहरों में 5000 कार्यक्रम साइकिल यात्रा से कर चुके हैं

इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 40 सालों से आईआईटी दिल्ली में अपनी सेवाएं देकर देश की युवा पीढ़ी को शिक्षित और प्रशिक्षित कर मार्गदर्शन कर रहे हैं। गत 11 मार्च से दिल्ली से साइकिल यात्रा पर निकले हैं। जिन्होंने दिल्ली , हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के सैकड़ों शहरों में पहुंच कर लोगों से संपर्क किया है।



पद्मश्री से सम्मानित आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. शेख ने लोगों को सम्बोधित किया।